केन्द्रीय विद्यालय, मुलताई

संपर्क: 07147-221044

Website - https://.multai.kvs.ac.in E-mail- kvmultai@gmail.com

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.) नई दिल्ली

प्रवेश सूचना 2023-24

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में **कक्षा एक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण** दिनांक **27.03.2023 (सोमवार) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 17.04.2023 (सोमवार) सायं 7:00 बजे तक** किया जा सकेगा। प्रवेश संबंधित विवरण वेबसाईट और Android मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कक्षा प्रथम में प्रवेश के लिए **न्यूनतम आयु 06 वर्ष** होनी अनिवार्य है |

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 1 में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आधिकारिक Android मोबाइल ऐप **https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/apps** पर उपलब्ध है। ऐप डाउनलोड करने और इन्स्टाल करने के निर्देश उपरोक्त URL पर उपलब्ध होंगे। ***अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल और ऐप का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें।***

कक्षा दो एवं दो से ऊपर की कक्षाओं में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 03.04.2023 (सोमवार) प्रातः 8:00 बजे से दिनांक 12.04.2023 (बुधवार) सायं 4:00 बजे तक (ऑफलाइन मोड) द्वारा किया जा सकेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक केन्द्रीय विद्यालय मुलताई की वेबसाइट (https://multai.kvs.ac.in/)देखें।

सभी कक्षाओं के लिए आयु की गणना 31.03.2023 से होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण केविसं के प्रवेश दिशा-निर्देश के अनुसार किया जाएगा । इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक सम्बंधित केन्द्रीय विद्यालय/मुख्यालय की वेबसाइट देखें।

- **प्रवेश सम्बन्धी सभी सूचनाओं की जानकारी, पंजीकरण प्रपत्र प्राप्त करने के लिए विद्यालय/मुख्यालय की वेबसाइट निरंतर देखें।**
- ***यदि आवेदन पत्र में गलत और भ्रामक जानकारी दी गयी है तो के.वी. में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा*** | **प्राचार्य द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर निर्धारित समय अंतराल में ही प्रवेश प्रभारी/प्राचार्य से संपर्क करें।**

नोट:-

- **कक्षा दो(II) में 02 स्थान रिक्त होने के कारण दिनांक 03.04.2023 (सोमवार) प्रातः 8:00 बजे से दिनांक 12.04.2023 (बुधवार) सायं 4:00 बजे तक ऑफलाइन मोड द्वारा पंजीकरण स्वीकार किये जाएँगे। सभी पंजीकरण प्रपत्र विद्यालय में ही जमा होंगे। पंजीकरण *प्रपत्र ऑनलाइन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।* इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभिभावक केन्द्रीय विद्यालय मुलताई की वेबसाइट (https://multai.kvs.ac.in/**)देखें।
- **कक्षा दो (II) में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 07 वर्ष एवं अधिकतम आयु 09 वर्ष होनी अनिवार्य है |**

CLASS	Minimum / Maximum Age as on 31st March of the Year in which admission is sought. As per admission guideline 2023-24
II	**7 years but less than 09 years ofAge.**

- **कक्षा दो में प्रवेश केविसं के admission guideline 2023-24 के अनुसार दिया जाएगा |**
- ***कक्षा तीन (III) से दस(X) तक की कक्षाओं के लिए केन्द्रीय विद्यालय, मुलताई में कोई भी स्थान रिक्त नहीं है। अतः उक्त कक्षाओं में प्रवेश पंजीकरण हेतु ऑफलाइन/ऑनलाइन या ई- मेल माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।***

प्राचार्य